(मानव संसाधन विकास विभाग)

इफको कर्मचारी सुझाव योजना

IFFCO
Wholly owned by Cooperatives
Head Office

महाप्रबंधक(मा.सं.)	सभी इकाई प्रमुख/राज्य विपणन प्रबंधक
संदर्भ : वि.मु./सुझाव/118/2018-19	18 मई, 2018

विषयः आठवीं इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट का आयोजन।

आपको ज्ञात है कि गत कुछ वर्षों से कारपोरेट स्तर पर इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हम 21 जून व 22 जून, 2018 को "आठवीं इंटर यूनिट इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट" का आयोजन करने जा रहे हैं। इस मीट का आयोजन एफ.एम.डी. आई. गुड़गांव में किया जायेगा।

इस मीट में सभी इकाइयों/राज्यों के कॉर्डिनेटरों (सदस्य सचिव)के साथ-साथ प्रत्येक इकाई से पांच तथा प्रत्येक राज्य से दो श्रेष्ठ सुझावों को प्रस्तुत करने के लिये संबंधित सुझावकर्ताओं को बुलाने का निर्णय किया गया है। प्रत्येक कॉर्डिनेटर को अपनी इकाई/राज्य में सुझाव योजना के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक प्रेजेंटेशन देना होगा । इसी प्रकार सुझावकर्ताओं को अपने सुझावों के बारे में प्रेजेंटेशन देना होगा। सुझावकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत सुझावों के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व मैरिट तथा कॉर्डिनेटर द्वारा दिये गये प्रेजेंटेशनों के आधार पर **"सर्वश्रेष्ठ कॉर्डिनेटर"** पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा । **"सर्वश्रेष्ठ प्रजेंटेशन"** का अवार्ड भी इन्हीं प्रेजेंटेशनों के आधार पर दिया जायेगा।

"सर्वश्रेष्ठ इकाई" व **"सर्वाधिक सहभागिता"** पुरस्कार का निर्णय इकाई/राज्य से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर पहले कर लिया जाएगा। अनुरोध है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नामित कर्मचारियों के प्रेजेंटेशन की गुणवत्ता व उसके प्रेजेंटेशन कौशल आदि को सुधारने में उनकी सहायता की जाये ताकि वे उत्साहपूर्वक इस मीट में भाग ले सकें।

यह देखने में आया है कि इकाइयों/राज्य कार्यालयों द्वारा अपने नियमित कॉर्डिनेटर (सदस्य सचिव) के स्थान पर किसी अन्य कर्मचारी को कॉर्डिनेटर बना कर भेज दिया जाता है । इससे इस अवार्ड का प्रयोजन सफल नहीं होता है । हमारा सुझाव है कि बतौर कॉर्डिनेटर उसी कर्मचारी को नामित किया जाये जो अपनी इकाई/राज्य में सुझाव योजना के कार्यान्वयन में योगदान देता है ।

आपसे अनुरोध है कि आप अपनी इकाई/राज्य से यथा अपेक्षित संख्या में सुझावकर्त्ताओं को इस मीट में भाग लेने के लिए नामित करें और नामित कॉर्डिनेटर व सुझावकर्त्ताओं के नाम हमारे पास 10 जून, 2018 तक संलग्न निर्धारित प्रपत्र में भिजवा दें। कृपया नामांकनों की सूचना उप महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) के पास भी भेजें।

नकुल पाठक
(नकुल पाठक) 18/05/18

प्रतिलिपि : **(1) निदेशक (मा.सं. / विधि)**
(2) विपणन निदेशक

IFFCO
Wholly owned by Cooperatives
Head Office

आठवीं इंटर यूनिट इनोवेशन एण्ड क्रिएटिविटी मीट, एफएमडीआई, गुड़गांव

21-22 जून, 2018

तारीखः

इकाई/राज्य का नाम :

नामित कर्मचारियों का विवरण :

क्रम सं.	कर्मचारी का नाम	पदनाम	व्य. सं.	कॉर्डिनेटर/सुझावकर्ता (कृपया स्पष्ट करें)	सुझाव का विषय(शीर्षक)

(सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर)